घंटाकर में चैकिंग करती हुई एसपी सिटी।



# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### 12 मजदूरों के परिवारों को उपलब्ध कराई राहत सामाग्री

**संवाददाता** देहरादून। मानवधिकार एवं सामाजिक न्याय संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सचिन जैन ने कोरोना वायरस कोविड 19 महामारी के संक्रमण के चलते हुए बाला वाला क्षेत्र में दिहाड़ी मजदूरी करने वाले 12 मजदूर के परिवारों को राहत सामग्री मुहैया कराई जिसमें उनके परिवारों को राशन,मॉस्क दिया गया। जिससे वह अपने घर पर रहकर परिवार का भरण पोषण कर सके और अपने निवास से बाहर न निकले जिससे सोशल डिस्टेंस और लॉकडाउन का पालन किया जा सके।

### सोनिया रसोई का प्रदेश अध्यक्ष ने किया निरीक्षण

**संवाददाता** देहरादून। कोरोना वायरस कोविड 19 की महामारी के चलते कोई भूखा न रहे और इसी नारे व इसी प्रयास के बीच सोनिया रसोई लगातार जरूरतमंदों व असहायों व गरीबों के बीच पहुंचकर उन्हें भोजन उपलब्ध करा रही है। इस अवसर पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने सोनिया रसोई का निरीक्षण किया और कहा कि इसी तरह से जरूरतमंदों व असहायों की सेवा कार्यकर्ता करते रहे और जो भी आवश्यकता होगी उसे पूरा किया जायेगा।

### डोईवाला युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने वितरित किये मॉस्क

**संवाददाता** डोईवाला। डोईवाला युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष राहुल सैनी के नेतृत्व में कोरोना वायरस से बचाव हेतु विभिन्न संस्थाओं व सरकारी कार्यालय पंजाब नेशनल बैंक डोईवाला, डोईवाला चीनी मिल,डोईवाला कोतवाली में कार्यरत कर्मचारियों व जनता को मास्क वितरित किए गए। इस अवसर पर राहुल सैनी ने कहा है कि आज के दिन उत्तराखण्ड युवा कांग्रेस द्वारा पूरे प्रदेश में एक लाख मास्क वितरित किये गए। इस अवसर पर युवा कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय सचिव मोहित उनियाल ने कहा की जिस समय देश के अधिकतर लोग अपने घरों में रहकर कोरोना को मात देने में लगे हैं।

### 600 से अधिक जरुरतमन्दों को बांटा निःशुल्क भोजन वितरण

**संवाददाता** देहरादून। आईआईटी रुड़की एल्यूमिनी एसोसिएशन दून चैप्टर एवं डी आई टी यूनिवर्सिटी एल्यूमिनी एसोसिएशन देहरादून के सौजन्य थाना क्लेमनटाउन, आईएसबीटी चौकी, पटेलनगर चौकी तुन्तोवाला, भुत्तों वाली चौक और 06 नम्बर पुलिया,नालापानी चौक रुद्राक्ष पुरम समेत 600 परिवारों को निरंतर तीनो समय का भोजन दिया गया। आईआईटी रुड़की एल्यूमिनी एसोसिएशन देहरादून चौप्टर से जुड़े हुए प्रोफेसर एम पी जैन ने कहा है कि 500 से अधिक जरूरतमंद व्यक्तियों के लिए खुला भोजन वितरित किया गया।

## राशन कार्ड नवीनीकरण न होने वाले की दशा में बनाये जाये टेम्परेरी कार्ड

**संवाददाता** देहरादून। महानगर कांग्रेस कमेटी ने जिलाधिकारी को ज्ञापन प्रेषित करते हुए कोरोना वायरस कोविड 19 महामारी के चलते हुए दून महानगर में व्यवस्थायें सुनिश्चित किये जाने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि कुछ लोग बिना प्रशासन की अनुमति के भोजन वितरण कर रहे हैं ऐसे लोगों पर भी रोक लगाई जाये। इस अवसर पर राशन कार्ड नवीनीकरण न होने की दशा में कार्ड धारकों के टैम्परेरी राशन कार्ड बनाये जाने की आवश्यकता है। यहां जारी एक बयान में महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लालचन्द शर्मा ने कहा कि जिलाधिकारी को छह सूत्रीय ज्ञापन प्रेषित किया गया है। उन्होंने कहा कि जिसमें कहा गया है कि कोरोना वायरस कोविड 19 महामारी के दौरान भारत सरकार द्वारा राशन वितरित कराया जा रहा है लेकिन बहुत जगह यह देखने में आ रहा है कि राशन सुचारू रूप से उपलब्ध नहीं हो पा रहा है ऐसी जगहों को चिह्नित कर राशन उपलब्ध कराया जाये। जिन लोगों के राशन कार्ड नवीनीकरण नहीं हुए हैं उनके राशन कार्ड का नवीनीकरण कराकर उन्हें राशन उपलब्ध कराया जाये। ज्ञापन में कहा गया कि जो राशन कार्ड ऑनलाइन आधार से लिंक नहीं हो पाये उन लोगों के सामने खाद्यान्न का संकट है उन लोगों को भी राशन उपलब्ध कराया जाये। इस तरह के पात्र लोगों को जब तक ऑनलाइन राशन कार्ड आधार कार्ड से लिंक न हो जाये उनके सामने भी खाद्यान्न का संकट पैदा हो रखा है उनकी भी समस्या का समाधान किया जाये।

# लॉक भगत सिंह कॉलोनी के नवजात की मौत

**कोराना संकट**

## सैंपल कोरोना जांच के लिए भेजा

**संवाददाता**

देहरादून। कोरोना संक्रमित मरीज मिलने के बाद पाबंद की गई भगत सिंह कॉलोनी के सात दिन के बच्चे की मौत हो गई है। तबीयत खराब होने पर बच्चे को दून मेडिकल कॉलेज के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग (महिला अस्पताल) में भर्ती कराया गया था। बच्चे की मौत की वजह सिवियर सेप्टिक शॉक बताई गई है। एहतियात के तौर पर बच्चे का सैंपल कोरोना जांच के लिए भेजा गया है। वहीं, अस्पताल प्रशासन ने इस पूरे मामले में विभागाध्यक्ष व बच्चे का उपचार कर रहे डॉक्टरों से रिपोर्ट तलब की है।

जानकारी के अनुसार, भगत सिंह कॉलोनी की एक गर्भवती को बीती 13 अप्रैल को महिला अस्पताल में भर्ती किया गया था। जहां पर उसने एक बच्चे को जन्म दिया। महिला हॉटस्पॉट क्षेत्र की रहने वाली थी, लिहाजा एहतियात के तौर पर उसकी कोरोना जांच भी कराई गई। जिसकी रिपोर्ट निगेटिव आई थी। चार दिन अस्पताल में रहने के बाद मां–बच्चे को 17 अप्रैल को अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया। घर पहुंचने पर बच्चे को फीडिंग में दिक्कत आ रही थी और वह लगातार उल्टियां कर रहा था।



बताया गया कि बच्चे का पेट भी फूल रहा था। ऐसे में स्वजन 18 अप्रैल को उसे लेकर अस्पताल पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उसे दवा दे दी। रविवार को उसे फिर गंभीर स्थिति में अस्पताल लाया गया। जहां उसे वेंटीलेटर पर रखा गया। चिकित्सकों ने बताया कि बच्चे के फेफड़ों में इंफेक्शन था। काफी कोशिश के बाद भी उसको बचाया नहीं जा सका। उसकी मौत का कारण सिवियर सेप्टिक शॉक रहा है। यह वह अवस्था है, जब शरीर में इंफेक्शन बढ़ जाता है और ऑर्गन काम करना बंद कर देते हैं। डॉ. एनएस खत्री के अनुसार पहली बार जब बच्चे को अस्पताल लाया गया, उसे उल्टियां हो रही थीं। फीडिंग के बाद वह रो रहा था। पर रविवार को स्वजन उसे अस्पताल लाए तो स्थिति गंभीर थी। उसे निक्कू वार्ड में भर्ती कर पांच डॉक्टरों की टीम ने उपचार शुरू किया। लेकिन इंफेक्शन ज्यादा होने के कारण उसे बचाया नहीं जा सका।

### कोविड पर नियंत्रण को त्रिस्तरीय व्यवस्था

सरकार ने कोरोना महामारी पर प्रभावी नियंत्रण के लिए अब प्रदेश में त्रिस्तरीय व्यवस्था की है। इसके अंतर्गत मरीजों को तीन श्रेणी में रखा गया है। कोरोना संक्रमित सामान्य मरीज, थोड़े गंभीर मरीज और अत्यंत गंभीर मरीज।

# पुष्प वर्षा के बीच अब नहीं होगा कोई सम्मान

**अपील**

■ अधिकारियों के निर्देश का किया जायेगा पालनः खजानदास

देहरादून। **संवाददाता**

राजपुर रोड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक खजानदास ने कहा है कि अब किसी का भी पुष्प वर्षा के बीच सम्मान नहीं किया जायेगा और जिला एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारियों के दिशा निर्देश का पूरी तरह से पालन किया जायेगा। घंटाघर पर पुलिस कर्मचारियों, आईटीबीपी के जवानों, सीपीयू, एनसीसी कैडेट एवं सिविल डिफेंस के स्वयंसेवियों को पटका, तौलिया एवं पेय पदार्थ प्रदान करने के बाद संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आज जिस प्रकार से पुलिस कर्मचारी, आईटीबीपी के जवान, सीपीयू के जवान, एनसीसी कैडेट, पत्रकार एवं सिविल डिफेंस के स्वयंसेवी एक कोरोना योद्धा की भांति कोरोना वायरस के संक्रमण स निपटने के लिए पूरी तरह से मुस्तैदी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे है और इसके लिए लोगों को अनावश्यक रूप से सड़कों पर नहीं आना चाहिए और जितना भी हो वह अपने घरों में रहे और घर पर ही अपना मनोरंजन करें। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत द्वारा दिये गये दिशा निर्देशों का पूरी तरह से पालन किये जाने की आवश्यकता है और इसके लिए सभी को एकजुटता का परिचय देते हुए आगे आने की आवश्यकता है। राजपुर विधायक ने कहा कोरोना वॉयरिस कि वजह से ही यहां पर कोरोना वायरस पांव नहीं फैला पा रहा है। उन्होंने कहा कि कोरोना वायरस से बचाव के लिए बार बार हाथों को धोना चाहिए और हाथों को पूरी तरह से सेनिटाइजर करना चाहिए।

लोगों को कोरोना वायरस से बचाव की जानकारियां प्रदान किया जा रही है और कोरोना से लड़ने व उसे हराने के लिए यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है तथा लोगो को बाहर न निकलने के साथ ही साथ सरकार को सहयोग करने की सलाह दी जा रही है।



## कोरोना योद्धाओं का विशेष ध्यान रखे राज्य सरकार

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड क्रांति दल की केंद्रीय महामंत्री रेखा मियां ने कहा कि प्रदेश सरकार अपने कोरोना योद्धाओं का विशेष ध्यान रखें उन्हें वह हर चीज उपलब्ध करवाएं जिनकी उन्हें जरूरत है। यहां जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार को अपने कोरोना योद्धाओं का पूर्ण रूप से विशेष ध्यान रखने की आवश्यकता है और उन्हें सभी प्रकार की चीजें उपलब्ध कराये जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जैसे पुलिस, डॉक्टर, नर्से, पत्रकार व सफाई कर्मचारी जैसे हर विभाग की अपनी जिम्मेदारी होती है वैसे ही मीडिया पर भी बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि कोरोना वायरस कोविड 19 महामारी में वह भी सुबह अपने घरों से निकल जाते हैं ओर सड़कों पर न्यूज के लिए घूमते रहते हैं और इसलिए सरकार को उनका भी पूर्ण सहयोग करना चाहिए और उनकी सुरक्षा का भी विशेष ध्यान रखना चाहिए।

In a Digital World Why To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices

All Apple Touch Phones & Tablets

All Android Touch Phones & Tablets

All Window & BlackBerry Touch Phones 10+



Scan This Code

Read News

Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक प्रदीप चौधरी द्वारा एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ.-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०-
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।